अजीत समाचार
11 दिसम्बर, 2021

# एड्स व मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

शाहाबाद मारकंडा, 10 दिसम्बर (विजय कुमार) : शुक्रवार को मारकंडा नेशनल कॉलेज में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसायटी पंचकूला, कॉलेज रेड रिबन क्लब, महिला प्रकोष्ठ, यूथ रेड क्रॉस एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता व मानव अधिकार दिवस पर विद्यार्थियों को एड्स जैसी बीमारियों से जागरूक करने के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद से आयी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एड्स जैसी खतरनाक बीमारी के होने के कारण, लक्षण एवं बचाव की जानकारी दी। एड्स सलाहकार वरुण कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता से ही एड्स जैसी भयानक बीमारियों से लड़ा जा सकता है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सदस्यों ने नवीनतम मशीनों से विद्यार्थियों, अध्यापकों सहित 50 परीक्षण भी किए। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने वरुण कौशिक एवं उनकी टीम का स्वागत करते हुए किया। मंच का संचालन रेड रिबन क्लब के अधिकारी डा. अमित कुमार ने किया द्व कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने अपनी बाजू पर रेड रिबन बांधकर समाज में जागरूकता फैलाने पर अपनी सहमति दिखाई। इस मौके पर कॉलेज में मानव अधिकार दिवस भी मनाया गया। कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार एवं राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका डा. शालिनी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को मानव अधिकारों एवं कर्तव्यों से परिचित करवाया। महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा जनरल बिपिन रावत रक्षा प्रमुख व प्रथम चीफ डिफेंस स्टाफ तथा उनकी पत्नी व 13 अन्य सैनिक कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर सिद्धांत ने चिकित्सक टीम, विद्यार्थियों एवं अन्य साथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों सहित लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



शाहाबाद : एड्स सलाहकार वरुण कौशिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार व अन्य।

दैनिक भास्कर पानीपत, गुरुवार, 23 दिसंबर 2021

# क्रिकेट और वॉलीबॉल में बीए प्रथम वर्ष के छात्र छाए



**शाहाबाद|** मारकंडा नेशनल कॉलेज में संपन्न हुई खेल प्रतियोगिताओं के क्रिकेट और वॉलीबॉल मुकाबलों में बीए प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि खेल खिलाड़ी के जीवन का एक अहम हिस्सा है जिसमें भाग लेने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। निर्णायक की भूमिका प्रो. कल्पना, प्रो. सिद्धांत और डॉ. अमित कुमार ने निभाई। मौके पर डॉ. संजय कुमार, डॉ. जवाहर लाल, प्रो. सुरेंद्र काजल, राजेश कुमार, ईशान व चरणजीत मौजूद रहे।

अमर उजाला वीरवार, 23 दिसंबर 2021

# आईजीएन कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

लाडवा। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज और मारकंडा नेशनल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में गणित विभाग की ओर से राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया।

इस उपलक्ष्य में वैदिक गणित पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें 125 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वैदिक गणित प्रकल्प के संयोजक दीपक वशिष्ठ ने शिरकत की।

कार्यक्रम का अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित वह विद्या है, जिसकी सहायता से हम सवाल में ही छिपे जवाब का पता लगा सकते हैं। गणित की शक्ति अतुल्य है और इसका प्रयोग सर्वत्र है। इसलिए समाज की उन्नति में गणित का अहम योगदान है। मुख्य वक्ता दीपक वशिष्ठ ने वैदिक गणित को सरल बताते हुए कहा कि इस संसार की किसी भी वस्तु को गणित के बिना समझा नहीं जा सकता। यह गणित को समझने में अत्यंत सरल और सहज बनाता है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. वंदना गुप्ता रही। इस अवसर पर डॉ. रविश कुमार चौहान, डॉ. रुपेश गौड़, हरनीत कौर, डॉ. नीरू बाला, डॉ. नीतू, डॉ. अमित कुमार व राजबीर मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी। संवाद

दैनिक भास्कर पानीपत, गुरुवार, 23 दिसंबर 2021

# क्रिकेट और वॉलीबॉल में बीए प्रथम वर्ष के छात्र छाए



**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज में संपन्न हुई खेल प्रतियोगिताओं के क्रिकेट और वॉलीबॉल मुकाबलों में बीए प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि खेल खिलाड़ी के जीवन का एक अहम हिस्सा है जिसमें भाग लेने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। निर्णायक की भूमिका प्रो. कल्पना, प्रो. सिद्धांत और डॉ. अमित कुमार ने निभाई। मौके पर डॉ. संजय कुमार, डॉ. जवाहर लाल, प्रो. सुरेंद्र काजल, राजेश कुमार, ईशान व चरणजीत मौजूद रहे।

पंजाब केसरी शुक्रवार FRIDAY 24 दिसम्बर 2021

# महिला प्रजनन स्वास्थ्य प्रणाली और स्वच्छता' विषय पर हुआ व्याख्यान

शाहाबाद मारकंडा, 23 दिसम्बर (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'महिला प्रजनन स्वास्थ्य प्रणाली और स्वच्छता' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार के संरक्षण में डा. अजय कुमार अरोड़ा एवं प्रोफेसर भाविनी तेजपाल द्वारा महिला छात्राओं के सशक्तिकरणके लिए करवाया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डा. मंजुश्री शर्मा, चिकित्सक एवं सहायक प्रोफेसर, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ ने अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किए। डा. शर्मा ने महिलाओं को शारीरिक, भावनात्मक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ होने के लिए प्रेरित किया। उनके व्याख्यान में यौन संचारित संक्रमणों, एच.आई.वी./एड्स, अनपेक्षित गर्भधारण और असुरक्षित गर्भपात से खुद को बचाने के लिए बताया गया।

मासिक धर्म चक्र, यौन संचारित रोग, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक और शारीरिक स्वच्छता आदि से संबंधित समस्याएं चर्चा का प्रमुख रही। स्वस्थ रहने के लिए सभी आवश्यक उपाय और इलाज से बचाव बेहतर है वाक्यांश को सत्र में भाग लेने वाली लगभग 100 से अधिक छात्राओं एवं महिला सदस्यों के बीच बहुत अच्छी तरह गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ से प्रोफेसर मंजु गुप्ता, डा. प्राची अरोड़ा एवं डा. दिव्या उपस्थित रहे।



शाहाबाद मारकंडा नैशनल कॉलेज में व्याख्यान सुनती कॉलेज की छात्राएं। (आजाद)

अजीत समाचार 2 जनवरी, 2022



शाहाबाद : विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यवक्ता भावना कक्कड़।

# मानवीय मूल्य व नैतिकता विषय पर व्याख्यान आयोजित

शाहाबाद मारकंडा, 1 जनवरी (विजय कुमार): शनिवार को मारकंडा नैशनल कॉलेज में साहित्यिक क्लब द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में श्रीमद् भगवद् गीता के संदर्भ में मानवीय मूल्य और नैतिकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने इस्कॉन कुरुक्षेत्र से आए अतिथियों का स्वागत तुलसी पौधा भेंट करके किया। इस अवसर पर भावना कक्कड़ ने मुख्यवक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में शुभ कर्मों की प्रधानता का अनुसरण करते हुए सत्कर्म करने पर बल दिया और अपने आचरण से परम शक्ति का मनन करते हुए सात्विक जीवन व्यतीत करने की शिक्षा दी। प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने अपने संबोधन में भगवान श्री कृष्ण के जीवन का अनुसरण करने तथा छात्र-छात्राओं को समझाया कि काम, क्रोध, मद, लोभ जैसे मानसिक विकारों का नाश केवल सत्संगति द्वारा ही किया जा सकता है। साहित्यिक क्लब के संयोजक डा. अजय कुमार अरोड़ा ने मंच संचालन किया और शिक्षा पाठ्यक्रम में श्रीमद् भगवद् गीता, रामायण, महाभारत आदि के दर्शन के आधार पर शिक्षा को नैतिकता की पृष्ठभूमि पर ले जाने पर प्रमुखता दी। व्याख्यान के समापन पर ललित शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। इस मौके पर 200 से अधिक विद्यार्थी, समूह शिक्षक-गैर शिक्षक गण एवं इस्कॉन कुरुक्षेत्र से आए अतिथि मौजूद रहे।

लिखने के
का चयन
ास, भारत
भारतीय
ई, जिसके
ों ने इसमें
स्कीम के
रूप जारी

किया। वहीं वन एक्ट प्ले में कॉलेज के जतिन मोंगा विद्यार्थी ने बेस्ट एक्टर का खिताब हासिल किया, गौरतलब है एवं शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने कॉलेज मैनेजमेंट, कॉलेज प्राचार्य, स्टाफ एवं प्रतिभागियों को बधाई दी।

5 जनवरी, 2022

# यूथ रैडक्रॉस व साहित्यिक क्लब के सदस्यों द्वारा दान उत्सव आयोजित



ज़रूरतमंदों को कपड़े व जूते वितरित करते हुए क्लब के सदस्य।

शाहाबाद मारकंडा, 4 जनवरी (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस एवं साहित्यिक क्लब के सदस्यों द्वारा दान उत्सव गतिविधि के अंतर्गत कॉलेज के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से पुराने कपड़े, जूते एवं नकदी एकत्रित की गई। यूथ रेड क्रॉस साहित्यिक कला विद्यार्थियों ने पुराने कपड़े एवं जूते जरूरतमंद लोगों को वितरित किए। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने कहा कि दान उत्सव गतिविधि को मानवीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा का अंग माना गया है और भविष्य में भी ऐसे क्रियाकलाप करने पर जोर दिया। उन्होंने यूथ रेड क्रॉस एंव साहित्यिक क्लब के सदस्यों को इस नेक कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की और आगे भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरणा दी। वहीं डा. अजय कुमार अरोड़ा संयोजक यूथ रेडक्रॉस एवं साहित्यिक क्लब ने मानव जीवन को सर्वोपरि मानते हुए सदस्यों के इस सेवा उपक्रम को श्रेष्ठ चरित्र निर्माण की नींव के रूप में माना। दान उत्सव के सहसंयोजक ललित शर्मा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग का दान उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अंकुश, हार्दिक, अर्शदीप सहित अन्य स्वयंसेवकों ने इस गतिविधि में भाग लिया।

दीप डा. हेर क्यों ार्य, ी।

... भगवान श्री कृष्ण के जीवन का अनुसरण करने तथा छात्र-छात्राओं को समझाया कि काम, क्रोध, मद, लोभ जैसे मानसिक विकारों का नाश केवल सत्संगति द्वारा ही किया जा सकता है। साहित्यिक क्लब के संयोजक डा. अजय कुमार अरोड़ा ने मंच संचालन किया और शिक्षा पाठ्यक्रम में श्रीमद् भगवद् गीता, रामायण, महाभारत आदि के दर्शन के आधार पर शिक्षा को नैतिकता की पृष्ठभूमि पर ले जाने पर प्रमुखता दी। व्याख्यान के समापन पर ललित शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। इस मौके पर 200 से अधिक विद्यार्थी, समूह शिक्षक-गैर शिक्षक गण एवं इस्कॉन कुरुक्षेत्र से आए अतिथि मौजूद रहे।

अजीत समाचार 11 जनवरी, 2022

# हिंदी पर गर्व करना हम सबका नैतिक कर्त्तव्य : डा. शर्मा



ऑनलाइन हिंदी विस्तार भाषण में भाग लेते हुए प्रोफैसर डा. शालिनी शर्मा व अन्य।

शाहाबाद मारकंडा, 10 जनवरी (विजय कुमार) : विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मारकंडा नैशनल कॉलेज में विस्तार भाषण का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर एसोसिएट प्रोफेसर डा. शालिनी शर्मा ने संबोधित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने विश्व हिंदी दिवस की बधाई देते हुए हिंदी को सबके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता की भूमिका में डा. शालिनी शर्मा ने हिंदी की महत्ता और संविधान में इसको प्रमुखता देने की बात की। भारतेंदु हरिश्चंद्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने मातृभाषा के सम्मान पर बल दिया। डा. शर्मा ने ज़ोर देकर हिंदी को भारत माता के भाल का तिलक कहा। डा. देवराज शर्मा ने संयोजक की भूमिका में डा. शालिनी का परिचय देते हुए उन्हें प्रखर वक्ता और गहन हिंदी प्रेमी बताया। सह संयोजक की भूमिका में डा. दिव्या, प्रो. जसविंदर, मीनाक्षी उपस्थित रहे। इस मौके पर मनप्रीत, कपिल, चाहत, सोनिया, सिद्धांत इत्यादि उपस्थित रहे। लगभग 100 विद्यार्थी इस विस्तार भाषण से जुड़े रहे। इस मौके पर पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र सरताज एवम प्रसिद् समाजसेविका अन्नपूर्णा भी शामिल हुए।

पंजाब केसरी
बुधवार WEDNESDAY 19 जनवरी 2022

# मारकंडा नैशनल कालेज के स्वयंसेवकों ने वितरित किए 'ास्क



शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज के स्वयंसेवक मास्क वितरित करते हुए। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 18 जनवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज के एन.एस.एस. एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में मास्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार चौधरी ने स्वयंसेवकों को यह कहते हुए प्रेरित किया की जागरूकता आज की आवश्यकता है इसलिए मास्क वितरण में भाग लेकर वह सभी समाज की महान सेवा करें।

कार्यक्रम अधिकारी प्रोफैसर सिद्धांत ने सभी स्वयंसेवकों का मास्क वितरण के लिए उत्साह वर्धन किया एवं ऐसे कार्यों के लिए बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

यूथ काउंसलर डा. अजय कुमार अरोड़ा ने अपने सभी यूथ वालंटियर को समाज में आगे आकर कार्य करने के लिए एवं मुश्किल समय में सेवा करने के लिए हौसला अफजाई की। मास्क वितरण के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने कॉलेज से अपना अभियान शुरू किया एवं शहर के सभी चौक व दुकानों में स्वयंसेवकों ने जिनके पास मास्क नहीं था उन सभी को मास्क वितरित किए एवं मास्क पहनने के लिए जागरूक भी किया। स्वयंसेवकों ने इस दौरान 200 फेस मास्क वितरित किए। इस अवसर पर डा. संदीप श्योराण एवं स्वयंसेवक सिमरन, नीरू, रितु, शिवनाथ, हर्षदीप, अरमान, अंकुश ने भाग लिया।

अजीत समाचार

19 Jan. 2022

# एनसीसी यूनिट ने चलाया सफाई अभियान




शाहाबाद : स्वच्छ भारत अभियान में भाग लेते हुए एनसीसी यूनिट के कैडेट्स।

शाहबाद मारकंडा, 20 जनवरी (विजय कुमार) : गुरुवार को मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनसीसी यूनिट द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. अशोक कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों व कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा की सफाई हमारी दैनिक जीवन का हिस्सा होनी चाहिए, जैसे हम घर परिवार को साफ-सुथरा व सुंदर रखते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें अपने विद्या के मंदिर महाविद्यालय को भी साफ सुथरा रखना चाहिए क्योंकि यहां हर प्रकार के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और जहां पर स्वच्छता होती है वहीं पर उसका पढ़ाई में भी अच्छी तरह मन लगता है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टि. सुरेश कुमार ने भी एनसीसी कैडेट्स को बताया कि सफाई के द्वारा मनुष्य के व्यक्तित्व में भी अलग से ही पहचान बनती है क्योंकि किसी ने कहा है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस कार्यक्रम में कैडेट अर्शदीप, अमीशा, राजप्रीत कोर, वंदना, काजल, प्रियंका, अरुण, केशव आदि 20 कैडेट्स ने भाग लिया। कैडेट्स ने महाविद्यालय के खेल के मैदान, एनसीसी पार्क, व अन्य पार्कों से पॉलिथीन, टॉफी के कागज, व प्लास्टिक आदि एकत्रित किए तथा उनका सही ढंग से निपटान किया। इस मौके पर महाविद्यालय से प्रो. मंजू गुप्ता, प्रो. सुरेंद्र सिंह काजल, डा. जवाहर लाल, डा. अजय अरोड़ा, प्रो. सिद्धांत, प्रो. कपिल देव, कृष्ण लाल, ईशान, विनीत कुमार, चरणजीत, आदि उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
सोमवार MONDAY 31 जनवरी 2022

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में करवाई पावर प्वाइंट प्रैजैंटेशन प्रतियोगिता

शाहाबाद मारकंडा, 30 जनवरी (कीर्ति) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर की पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसका शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज डिजिटल वर्चुअल माध्यम से अपने प्रैजैंटेशन को प्रस्तुत करना जरूरी हो गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थी थ्री डाइमैंशनल इमेजेस को अपनी प्रैजैंटेशन के साथ जोड़कर और अधिक प्रभावी कर सकता है। कार्यक्रम की कन्वीनर एवं ऑर्गेनाइजर मीनाक्षी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 2 चरणों में करवाई गई है। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में कुल 6 राज्यों से लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया और दूसरे चरण में 17 प्रतिभागियों ने अपनी प्रैजैंटेशन प्रस्तुत की। इसमें डा. प्राची, डा. अजय कुमार, व प्रो. सोनिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। आई.क्यू.ए.सी. को-ऑर्डिनेटर डा. जवाहर लाल ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से आत्मविश्वास में बढ़ौत्तरी होती है। प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशु, मारकंडा नैशनल कॉलेज, शाहाबाद तथा द्वितीय प्रीति, आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी व तृतीय हर्ष, एस.ए. जैन कॉलेज, अम्बाला सिटी एवं सांत्वना पुरस्कार अमनदीप, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रहा। कार्यक्रम में डा. शालिनी शर्मा, प्रो. भावनी, प्रो. मंजू, प्रो. नप्रीत व प्रो. जसविंद्र कौर सहित स्टाफ मौजूद था।



शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज में ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। (आजाद)

पंजाब केसरी मंगलवार TUESDAY 8 फरवरी 2022

8/2/2022

# राष्ट्रीय ई-सर्टिफिकेट डिजाइन में रवि अव्वल

## आईबी स्नातकोत्तर में आयोजन, मारकंडा नेशनल कॉलेज कुरुक्षेत्र से हरदीप रहे द्वितीय

संवाद न्यूज एजेंसी

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग के सौजन्य से राष्ट्रीय स्तर की ई-सर्टिफिकेट डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें देशभर से 120 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। प्रतियोगिता में आईबी पीजी कॉलेज पानीपत से रवि अव्वल रहे।

मारकंडा नेशनल कॉलेज कुरुक्षेत्र से हरदीप ने दूसरा एवं आईबी पीजी कॉलेज पानीपत से आंचल शर्मा ने तृतीय स्थान ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. अश्वनी गुप्ता एवं प्रो. विनय भारती ने निभाई। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार, सह-संयोजक प्रो.अश्वनी गुप्ता, प्रो. विनय भारती और कोऑर्डिनेटर प्रो. दीप्ति जुनेजा ने किया।



ई-सर्टिफिकेट डिजाइन प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। संवाद

प्राचार्य डॉ. गर्ग ने कहा कि ऐसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं करवाने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार, सह-संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता और प्रो. विनय भारती ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि वे अपने भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान सकें।

अजीत समाचार 19/2/2022



शाहाबाद : वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में में भाग लेते हुए खिलाड़ी।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

शाहाबाद मारकंडा, 18 फरवरी (विजय कुमार) : शुक्रवार को एमएन कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय दीपक चड्ढा मेमोरियल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता समापन हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने किया। इस अवसर पर डा. भूपेंद्र तंवर व कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्यों ने प्राचार्य का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों पर बढ़ रहे एकेडमी प्रेशर के मद्देनजर विद्यार्थी खेल और व्यायाम के माध्यम से ही शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में एक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक व उसके महत्व पर अमल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। दो दिन चली खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर आज का अंतिम इवेंट 5000 मीटर रेस रही। इस प्रतियोगिता में लगभग 170 के करीब विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर मंच संचालक प्रो. कल्पना व डा. जवाहरलाल ने सभी प्रतिभागियों, दर्शकों, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया।

पंजाब केसरी

पंजाब केसरी

शनिवार SATURDAY 19 फरवरी 2022

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में 2 दिवसीय खेल सम्पन्न



शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 18 फरवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज द्वारा आयोजित 2 दिवसीय दीपक चड्ढा मैमोरियल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी द्वारा किया गया। डाक्टर भूपेंद्र तंवर व कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्यों ने प्राचार्य को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक व उसके महत्व पर अमल करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया की विद्यार्थियों पर बढ़ रहे एकेडमिक प्रेशर के मध्य नजर विद्यार्थियों द्वारा खेल और व्यायाम के माध्यम' से ही शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में एक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। दो दिन चली खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 5000 मीटर की दौड़ रही। प्रतियोगिता मे लगभग 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंच का संचालन प्रोफैसर कल्पना, डा. जवाहर लाल ने किया। इस अवसर पर कालेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

...का धन्यवाद किया।

पंजाब केसरी

शनिवार SATURDAY 19 फरवरी 2022

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में 2 दिवसीय खेल सम्पन्न



शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 18 फरवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज द्वारा आयोजित 2 दिवसीय दीपक चड्ढा मैमोरियल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी द्वारा किया गया। डाक्टर भूपेंद्र तंवर व कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्यों ने प्राचार्य को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक व उसके महत्व पर अमल करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया की विद्यार्थियों पर बढ़ रहे एकेडमिक प्रेशर के मध्य नजर विद्यार्थियों द्वारा खेल और व्यायाम के माध्यम' से ही शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में एक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। दो दिन चली खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 5000 मीटर की दौड़ रही। प्रतियोगिता मे लगभग 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंच का संचालन प्रोफैसर कल्पना, डा. जवाहर लाल ने किया। इस अवसर पर कालेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी

बुधवार WEDNESDAY 26 जनवरी 2022

# राष्ट्रीय स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित

शाहाबाद मारकंडा, 25 जनवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में प्रो. राजेश्वर शोख की याद में राष्ट्रीय स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में पूरे भारत के विभिन्न-विभिन्न प्रांतों से हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी एवं उर्दू भाषाओं में लगभग 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया व उच्च एवं श्रेष्ठ मानकों वाली अपनी प्रस्तुतियां पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका डा. शालिनी शर्मा के द्वारा सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया व कार्यक्रम के विषय के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार चौधरी ने प्रो. राजेश्वर शोख के जीवन पर प्रकाश डाला व इस राष्ट्रीय स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता के उद्देश्य सभी के साथ सांझा किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवि कुलवंत सिंह चावला 'रफीक़' रहे। उन्होंने इस प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों की सराहना की और साथ ही कहा की इस तरह के आयोजन से निश्चित तौर पर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। कविता पाठ प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से 3 अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर अयोजित की गई। जिसमें हिंदी व अंग्रेजी के जिसमें हिंदी व अंग्रेजी के ज्यादा विद्यार्थी होने के कारण प्रतिभागियो के लिए अलग से एक प्लेटफॉर्म बनाया गया। जिसमें हिंदी भाषा में डॉ. दिव्या के द्वारा मंच संचालन किया गया, अंग्रेज़ी भाषा में प्रो. जसविंद्र कौर के द्वारा मंच संचालक की भूमिका निभाई गई और पंजाबी व उर्दू भाषा के लिए डा. चुहड़ सिंह के द्वारा मंच संचालक की भूमिका का निर्वाहन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक डा. अजय कुमार अरोड़ा तथा प्रो. मीनाक्षी के द्वारा इस पूरे कार्यक्रम में तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यभार संभाला गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के तौर पर उर्दू शायर कुलवन्त सिंह 'रफीक', उर्दू एवं पंजाबी भाषा के लिए; प्रसिद्ध सांस्कृतिक विधा के अनुभवी बृज किशोर शर्मा, हिन्दी भाषा के लिए डा. संदीप श्योरान, अंग्रेजी भाषा के लिए रहे। अंत में डॉ. जवाहर लाल द्वारा आए हुए सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित किया गया। प्रतियोगिता में हिन्दी भाषा में तमन्ना शर्मा, प्रथम, हृतिक गोयल द्वितीय, मनमहक कौर तृतीय स्थान तथा आरुषि को सांत्वना पुरस्कार मिला। अंग्रेजी भाषा में विनय मलिक प्रथम, अवनी द्वितीय, श्रुति शर्मा एवं नीरू देवी तृतीय स्थान पर रही। पंजाबी भाषा में जिगरदीप कौर प्रथम, अर्शदीप कौर द्वितीय तथा गुरजोत सिंह तृतीय स्थान पर रहे। उर्दू भाषा में रबनूर प्रथम, वर्णिका द्वितीय तथा तमन्ना तृतीय रहे। प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. कॉलेज, करनाल ने जीती। इस अवसर पर प्रो. मंजू गुप्ता, डा. जवाहर लाल, डा. चुहड सिंह, प्रो. भाविनी तेजपाल, डा. देवराज शर्मा, प्रो. मीनाक्षी, प्रो. कपिल एवं समूह शिक्षण-गैर शिक्षण सदस्य उपस्थित रहे।



न करत हुए ...

राष्ट्रीय

25/1/2022

अजीत समाचार

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित

शाहाबाद मारकंडा, 24 जनवरी (विजय कुमार) : सोमवार को मारकंडा नेशनल कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा कॉलेज की बालिकाओं के लिए प्रेरक वक्ता व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान ऑनलाइन मंच गूगल मीट द्वारा प्रसारित किया गया। इस व्याख्यान में बालिकाओं को एक ऐसी महिला मुनीबा मजारी की कहानी से अवगत कराया गया जो अपने सपने और प्रेरणाओं को पूरा करने की खोज में लोगों को भरोसा दिलाती है कि अगर तुम सोचते हो कि तुम्हारा जीवन कठिनाइयों से भरा है और तुम हार मानने वाले हो तो एक बार फिर से सोचो। उन्होंने अपनी कहानी में बताया कि समस्यायें उतनी बड़ी नहीं है बस हम उन समस्याओं के सामने छोटे होते हैं क्योंकि हम उन समस्याओं के सामने छोटे होते हैं क्योंकि हम उन समस्याओं का सामना नहीं कर पाते हैं। उन्होंने बालिकाओं को बताया कि सच्ची प्रसन्नता पैसा और प्रसिद्धि मे नहीं है। सच्ची प्रसन्नता तो कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने में है। मुनिबा मजारी का यह प्रेरक व्याख्यान वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी बालिकाओं को बधाई दी। इस अवसर पर लगभग 100 विद्यार्थी गूगल मीट द्वारा कार्यक्रम से जुड़े रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रश्न-उत्तर दौर चला जिसमें लगभग सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की संयोजिका भाविनी तेजपाल रही और तकनीकी प्रबंधन डा. अजय अरोड़ा द्वारा किया गया। इस गूगल मीट पर मंजु गुप्ता, एसएस काजल, डा. प्राची अरोड़ा भी मौजूद थे।

पंजाब केसरी वीरवार THURSDAY 10 मार्च 2022

# शिक्षित व आत्मनिर्भर नारी, सशक्त नारी : निधि बवेजा

शाहाबाद मारकंडा, 9 मार्च (मदन): अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मारकंडा नैशनल कॉलेज के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध महिला उद्यमी निधि बवेजा ने कॉलेज की सभी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अपने जीवन के संस्मरण सुनाए, जिनको सुनकर सभी विद्यार्थी जहां प्रेरित हुए वहीं उनकी संवेदनात्मक शैली ने सबको भावविभोर कर दिया।



शाहाबाद मारकंडा नैशनल कॉलेज में मुख्य वक्ता के साथ कॉलेज की छात्राएं। (आजाद)

मुख्य वक्ता का स्वागत कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार एवं कार्यक्रम संयोजिका प्रो. भाविनी तेजपाल ने तुलसी का पौधा भेंट करके किया। डा. अशोक कुमार ने महिला दिवस क्यों मनाया जाता है, तथा इसके अर्थ पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्राओं को शिक्षित बनने व आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया।

कार्यक्रम संयोजिका ने मुख्यातिथि निधि बवेजा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि व्यक्ति को कभी हौंसला नहीं छोड़ना चाहिए जैसा बवेजा ने कर दिखाया। इस अवसर पर डा. शालिनी शर्मा ने भी छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी पहचान बनानी चाहिए।

कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ. अजय अरोड़ा ने एक लघु फिल्म दिखाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

मंच संचालन प्रो. भाविनी तेजपाल ने बखूबी किया। इस अवसर पर कॉलेज के 200 से भी अधिक विद्यार्थियों सहित समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रो. मंजु गुप्ता, प्रो. कल्पना, डा. प्राची अरोड़ा एवं डा. दिव्या अग्रवाल ने सभी छात्राओं को सेनेटरी नेपकीन वितरित किए। इस अवसर पर डॉ. जवाहर लाल, प्रो. सुरेन्द्र काजल, डॉ. चुहड़ सिंह, डॉ. देवराज शर्मा, शशिकांत, मनोज कुमार उपस्थित रहे।

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में हुआ राष्ट्रस्तरीय ऑनलाइन ई-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

शाहाबाद मारकंडा, 4 मार्च (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा ऑनलाइन ई–पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग राज्यो के महाविद्यालयो से लगभग 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका मिनाक्षी ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी अपनी डिजिटल कला की उत्तम प्रस्तुति के लिए प्रयासरत रहे।



*प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए पोस्टर।* (आज़ाद)

इस महामारी के समय में विद्यार्थियो ने विभिन्न विषयों पर डिजिटल कला द्वारा पोस्टर पर अपनी मन की भावनाओं को उकेरा। माइक्रोसॉफ्ट वर्ड तथा पॉवरपॉइंट में स्वरूपण प्रक्रिया को सजग बनाने हेतु डिजिटल माध्यम से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा सभी नियमो का पालन सटीकता से किया गया, फलस्वरूप निर्णायक मंडल के लिए निर्णय कार्य कठिन रहा।

मीनाक्षी कार्यक्रम की संयोजिका तथा सोनिया कार्यक्रम की सह संयोजिका रही। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दीपांशी (हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत), द्वितिय पुरस्कार वैशाली (एस सी डी गर्ल्स कॉलेज, लुधियाना तृतीय पुरस्कार हरदीप (मारकंडा नैशनल कॉलेज, शाहाबाद) ने जीता। सांत्वना पुरस्कार श्वेता (कार्थिर कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, तमिलनाडु) को प्राप्त हुआ7 इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा बी डिजिटल – बी क्रिएटिव – बी यूनिक कथन द्वारा सब प्रतिभागियो को प्रशिक्षित किया।

पंजाब केसरी शुक्रवार FRIDAY 11 मार्च 2022

# एन.एस.एस. शिविर में विद्यार्थियों को एड्स और एच.आई.वी. के लक्षण की जानकारी दी




शाहाबाद में एन.एस.एस. शिविर में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते विद्यार्थी। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 10 मार्च (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज, शाहाबाद की ओर से राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, जन्धेड़ी में सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के दूसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्यातिथि सिविल अस्पताल से वरूण कौशिक एवं पवन कुमार थे।

वरूण कौशिक ने विद्यार्थियों को एड्स व एच.आइ.वी के लक्षण व रोकथाम के उपायों की जानकारी देते हुए स्वंयसेवकों के प्रश्नों के उत्तर दिए पवन कुमार ने विद्यार्थियों को टी.बी के लक्षण एवं रोकथाम के उपायों के बारे जानकारी दी। उन्होंने सभी स्वंयसेवको के खून की जांच की जिसमें एच.आइ.वी की भी जांच की गई तथा रक्त बढ़ाने के बारे बताया।

मुख्यातिथि का प्रो. सिद्धान्त, एन.एस.एस अधिकारी एव डा. देवराज शर्मा ने स्वागत किया। कॉलेज से डा. अमित वर्मा, जो रेड रिबन क्लब के अधिकारी हैं ने विद्यार्थियों को एच.आइ.वी के बारे जानकारी देते हुए उससे बचने के उपाय बताएं। कार्यक्रम के अन्त में सभी मुख्यातिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी स्वंयसेवको ने स्कूल में श्रमदान के अन्तर्गत साफ सफाई की व पेड़ पौधों को खुदाई की व स्कूल में पड़े गड्ढों को भरा। कार्यक्रम में लगभग 50 स्वंयसेवक उपस्थित रहे।

अजीत समाचार

12-3-2022




एड्स से बचाव के लिए जागरूक करते एड्स सलाहकार वरुण कौशिक।

# जागरूकता से ही हो सकता है एड्स से बचाव

शाहाबाद मारकंडा, 11 मार्च (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज की ओर से चलाए जा रहे सात दिवसीय कार्यक्रम में कॉलेज के रेड रिबन क्लब व एनएसएस सैल द्वारा एड्स जागरूकता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरुण कौशिक एड्स सलाहकार सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र में राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों व कॉलेज के एनएसएस व रेड रिबन क्लब के 80 के लगभग स्वयंसेवकों को एड्स जैसी खतरनाक बीमारी के होने के कारण, लक्षण व बचने के उपायों से अवगत कराया। सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों का एचआईवी परीक्षण भी किया। इसके साथ ही रेड रिबन क्लब अधिकारी डा. अमित कुमार ने टोल फ्री हेल्पलाइन न. 1097 व केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई एड्स एप की जानकारी भी दी। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सिद्धांत, डा. देवराज शर्मा, सिविल अस्पताल से डा. पवन, गुरचरण व कॉलेज के शिक्षण व गैर शिक्षण विभाग के सदस्य उपस्थित रहे।

अजीत समाचार

12-3-2022

# 'आहार विहार और व्यवहार' को विद्यार्थियों को सात्विक जीवन चर्या बनाना चाहिए : आचार्य वेदव्रत

शाहाबाद मारकंडा, 11 मार्च (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज की ओर से राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव जन्धेड़ी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन के कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। तत्पश्चात प्रथम सत्र में आचार्य वेदव्रत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने अपने व्याख्यान 'आहार विहार और व्यवहार' में विद्यार्थियों को सात्विक जीवन चर्या एवं प्रकृतिमय दिनचर्या पर चर्चा की। इस अवसर पर कुछ स्वयंसेवकों के प्रश्नों एवं शंका का निवारण भी किया।

द्वितीय सत्र के मुख्यातिथि रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र से लैक्चरर नरेश पाल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा और होम नर्सिंग प्रशिक्षण के बारे में बताया। उन्होंने किसी व्यक्ति के डूबने पर, हर्ट अटैक आने पर उसे क्या प्राथमिक चिकित्सा देनी चाहिए और कैसे देनी चाहिए के बारे में जागरूक किया। सत्र के समापन पर मुख्यातिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस मौके पर एमएन कॉलेज से रेड रिबन क्लब अधिकारी डा. अमित वर्मा उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 50 स्वयंसेवक सहित स्कूल प्राचार्य शिवचरण, भावना बंसल व कॉलेज के शिक्षण व गैर शिक्षण विभाग के सदस्य उपस्थित रहे।



शाहाबाद : मुख्यातिथि आचार्य वेदव्रत को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए।

किया गया जिसमें एड्स के होने के ... वर्ग सहित 200 विद्यार्थी ...

दैनिक सवेरा

# कालेज में चलाया एड्स जागरूकता अभियान



समारोह मे मौजूद शिक्षकगण व विद्यार्थी।

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (जसबीर दुग्गल/कुलवंत शर्मा) : मारकंडा नैशनल कालेज शाहबाद में एड्स जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने जागरूकता अभियान में शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए समाज में एड्स पर जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इसके साथ ही कॉलेज के सभी शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने भी एड्स के खिलाफ लडने व समाज के दूसरे वर्ग में भी जागरूकता फैलाने की शपथ लेते हुए शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर किए। कॉलेज के रेड रिबन क्लब ने एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म शो टीच एड्स का आयोजन भी किया, जिसमें एड्स के होने के कारण, लक्षण व बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। डॉ. जवाहर लाल, विभागाध्यक्ष भौतिकी विभाग ने एड्स से सबंधित जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों का जागरूकता अभियान में भाग लेने पर स्वागत किया। इस कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी पंचकूला, कॉलेज के रेड रिबन एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर प्रो. मंजू गुप्ता, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र तंवर, डॉ. अजय कुमार अरोडा, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. सिद्धांत सहित कॉलेज का शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग सहित 200 विद्यार्थी मौजद रहे।

अजीत समाचार
27 अप्रैल, 2022



शाहाबाद : दो दिवसीय एक्सटेंशन लेक्चरर्स में भाग लेते विद्यार्थी।

# एक्सटेंशन लेक्चरर्स आयोजित

शाहाबाद मारकंडा, 26 अप्रैल (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज में कंप्यूटर विभाग के द्वारा दो दिवसीय एक्सटेंशन लेक्चरर्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. मीनाक्षी ने बताया कि दो दिवसीय एक्सटेंशन लेक्चर का मुख्य विषय 'इंट्रो टू आईसीटी एंड अर्टिफिशल इंटेलिजेंस तथा कॅरिअर इन वेब डिजाइनिंग' रहा। इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस पर वक्ता एमएन कॉलेज के डा. अजय कुमार अरोड़ा लाइब्रेरियन तथा द्वितीय दिवस की वक्ता डा. रंजू ग्रोवर असिस्टेंट प्रोफेसर ऑफ कंप्यूटर साइंस आईबीपीजी कॉलेज पानीपत से रहे। प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा युवाओं से अनुरोध किया कि आज का युग आधुनिक युग का है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज ज्वाइन करने चाहिए ताकि वे अपनी प्रैक्टिकल ज़ानकारी सजग कर सके। समापन अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डा. जवाहर लाल विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विभाग द्वारा मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद प्रेषित किया गया तथा विभाग में वेब डिजाइनिंग कोर्स शुरू होने पर बधाई दी। इस मौके पर महाविद्यालय से डा. अमित कुमार, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. दिव्या आदि तथा कंप्यूटर विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी

रविवार SUNDAY 24 अप्रैल 2022

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में हुई चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता



शाहाबाद मारकंडा नैशनल कॉलेज में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी कॉलेज स्टाफ के साथ। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 23 अप्रैल (कीर्ति) : मारकंडा नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग में आई.सी. 0 टूल्स थीम के अंतर्गत चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डा. अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता की संयोजिका मिनाक्षी ने बताया कि रचनात्मक गतिविधियां शैक्षणिक सुधार में सहायक होती हैं। वहीं प्रतिभा को आगे आने का अवसर मिलता है।

सोनिया कार्यक्रम की सह-संयोजिका थी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साहिल (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान अर्शदीप (बी.ए. द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान अरुण (बी.ए. द्वितीय वर्ष) और कर्ण (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अजय कुमार अरोड़ा तथा प्रो. भाविनी तेजपाल जी ने निभाई। इस अवसर पर कंप्यूटर विभाग के इंचार्ज डा. जवाहर लाल ने बच्चों की कला की सराहना की तथा प्रतियोगिताओं में बढ़ -चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डा. शालिनी शर्मा, डा. दिव्या, जसविंद्र, प्रो. हरीश मौजूद रहे।

14-5-2022

# वर्किंग विद स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**फास्ट मीडिया, शाहाबाद**

राजन मित्तल। मारकंडा नेशनल कॉलेज के आईक्यूएसी तथा कंप्यूटर विभाग द्वारा" वर्किंग विद स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर" पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंप्यूटर विभाग के इंचार्ज तथा आईक्यूएसी के कोऑर्डिनेटरडा. जवाहरलाल द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में एमएन कॉलेज के डिप्टी सुप्रिंडेंट कृष्ण लाल रहे। कार्यक्रम की संयोजिका तथा मंच संचालिका प्रो. मीनाक्षी ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया तथा बताया कि आज के डिजिटल युग में डाटा को ऑर्गेनाइज करना तथा आंकलन सही और सुरक्षित तरीके से करना बहुत जरूरी हो गया है और इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस पर स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर में वास्तविक उदाहरणों की मदद से तथा दूसरे दिन व्यक्तिगत प्रशिक्षण द्वारा समझाया गया। इस कार्यशाला के प्रमुख वक्ता डिप्टी कृष्ण ने बताया कि किस तरीके से सॉफ्टवेयर की मदद से हम आज ऑफिस का कोई भी कार्य, बजट या एक्सपेंस या कोई भी व्यक्तिगत हिसाब किताब को आसान बना सकते हैं, क्योंकि आज के डिजिटल युग में इसको सीखना इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे हम अपने दस्तावेजों और फाइलों को सुरक्षित कर सकते है तथा बड़ी से बड़ी कैलकुलेशन को चंद फार्मूला के साथ कम समय में पूरा कर सकते है। उन्होंने बताया कि यह एक प्रोफेशनल और जॉब ओरिएंटेड कोर्स है क्योंकि ज्यादातर मल्टीनेशनल और अच्छी कंपनियां तथा संगठन इस कोर्स की ही डिमांड करती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने इस कार्यशाला के सफल आयोजन पर कंप्यूटर विभाग को बधाई देते हुए कहा कि स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर के संपूर्ण कोर्स को करने के बाद आप एक्सेल में स्मार्ट तरीके से किसी भी काम को आसानी से कर सकते है। इस मौके पर साइंस विभाग से प्रो. सुरेश कुमार,चाहत, अंग्रेजी विभाग से डा. दिव्या आदि उपस्थित रहे।

## दैनिक उत्तम हिन्दू

रविवार 22 मई, 2022

### ...स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण स्थान : डा. अशोक



### ...को राष्ट्रभाषा ...होगा स्वीकार



---

## अजीत समाचार
27 मई, 2022

# नैशनल कॉलेज में युवा संसद आयोजित



सांसद नायब सिंह सैनी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते हुए कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्य। (छाया : विजय कुमार)

---

# प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि व शक्ति को दिए नये आयाम : नायब सिंह सैनी



---

## दैनिक भास्कर

कुरुक्षेत्र, शुक्रवार 27 मई, 2022

### युवा संसद में पल्लवी, अंकुश, बाल कृष्ण, लवप्रीत अव्वल



---

## दैनिक सवेरा

# प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि व शक्ति को दिए नए आयाम : सैनी



---

# प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि व शक्ति को दिए नये आयाम : नायब सिंह सैनी



---

## दैनिक भास्कर

### मारकंडा नेशनल कॉलेज में सांसद ने दिए 5 लाख अनुदान

---

## पंजाब केसरी
शनिवार SATURDAY 28 मई 2022

# सांसद ने महाविद्यालय को सासंद कोष से 5 लाख की अनुदान राशि देने की घोषणा की



---

## पंजाब केसरी
रविवार SUNDAY 29 मई 2022

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित





को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते थाना
...न्य।

...साइबर क्राइम में लिप्त होने व इसके पीड़न से बचना चाहिए। इंटरनेट से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी किसी के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए। अगर किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित होती है, तो हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करना चाहिए। इसी के साथ ही उन्होंने नशे से बचने व यातायात के नियमों का पालन करने पर भी जोर दिया।

# कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि जागृत होने की आवश्यकता : डॉ. सलोनी

भास्कर न्यूज़ | शाहाबाद



**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज में मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देते प्रिंसिपल व अन्य।

राष्ट्रीय कैंसर बचाओ दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद के सभागार में विस्तार भाषण कराया गया। इसमें कॉलेज की महिला विंग, कानूनी साक्षरता सेल व भारत विकास परिषद शाहाबाद शाखा ने मुख्य भूमिका निभाई।

मुख्य वक्ता डॉ. सलोनी मनचंदा का कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। संयोजिका डॉ. प्राची अरोड़ा ने डॉ. सलोनी का परिचय देते हुए बताया कि डॉ. सलोनी प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ हैं, जो वर्तमान में एबीसी सेंटर कुरुक्षेत्र, अमृतधारा अस्पताल करनाल, बवेजा अस्पताल अम्बाला, गेसियन कैंसर अस्पताल मोहाली में अपनी सेवाएं दे रही है। उन्होंने बताया कि अगर समय रहते किसी भी बीमारी का पता लग जाए, तो मनुष्य को आसानी से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि जागृत होने की आवश्यकता है। मनुष्य अपनी दिनचर्या व खान-पान में सुधार कर अपनी शारीरिक क्षमता में वृद्धि कर सकता है और बीमारियों से बचाव भी कर सकता है। कोरोना काल में भी लोगों ने जागृत होकर अपनी इम्युनिटी क्षमता में सुधार करके कोरोना जैसी भयंकर बीमारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। डॉ. सलोनी ने छात्राओं, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों को आह्वान किया कि सकारात्मक व सचेत रह कर तथा जीवन शैली में थोड़ा बदलाव करके लाखों लोगों ने देश में कैंसर जैसी भयानक बीमारी को भी हराया है। उन्होंने इस अवसर पर कई उदाहरण भी पेश किए। भारत विकास परिषद, शाहाबाद के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर कॉलेज के लगभग 150 विद्यार्थी, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य मौजूद रहा।

दैनिक भास्कर

पानीपत, मंगलवार 7 जून, 2022

# आशुभाषण में अमीषा रही अव्वल



**शाहाबाद**। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रोत्साहित करते मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य।

**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद के राजनीति विज्ञान एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में आशुभाषण एवं कैरि'ओकि गीतों की प्रतियोगिता करवाई गई। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार, मुख्य अतिथि महाविद्यालय पुरातन छात्र रविन्द्र चड्ढा तथा कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शालिनी शर्मा ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार ने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया। मुख्यातिथि ने प्रसंगों के माध्यम से अपने पुराने दिनों को याद किया। मंच का संचालन मीनाक्षी एवं जसविंदर ने किया। डॉ. शालिनी शर्मा ने प्रतियोगिता के उद्देश्य और नियम बताए। सह-संयोजिका डॉक्टर दिव्या ने धन्यवाद किया। प्राचार्य ने कहा कि मुख्य अतिथि का कॉलेज का पूर्व छात्र होना गर्व की बात है। उन्होंने सन् 1986 में अपने ग्रेजुएशन के सफर को मारकंडा कॉलेज में पूरा किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की अनेक विधाओं में जोनल एवं स्टेट लेवल रि प्रेजेंट किया। इस दौरान दोनों विधाओं में कुल 37 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं के 2 श्रेणियों में पुरस्कार घोषित किए गए। आशुभाषण प्रतियोगिता में अमीषा ने प्रथम, नितिका ने द्वितीय, नीरू ने तृतीय तथा शुभम एवं प्राची ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कैरिओकि प्रतियोगिता में खुशबू ने प्रथम, अंजू ने द्वितीय, पल्लवी ने तृतीय तथा प्रिंस एवं साहिल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ.जवाहर लाल, डॉ.प्राची अरोड़ा, प्रो.भाविनी, प्रो.जसविंदर, प्रो.कपिल, प्रो.संगीता भी मौजूद रहे।

अजीत समाचार 21-6-22



योग करते हुए एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थी।

# योग हमारी दैनिक ज़िन्दगी का हिस्सा होना चाहिए : अशोक

शाहाबाद मारकंडा, 20 जून (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनसीसी व एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की रिहर्सल की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डा. अशोक कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारी दैनिक जिंदगी का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि योग ही वह साधना है जिसके माध्यम से व्यक्ति संपूर्ण रोगों से मुक्ति पाकर स्वस्थ जीवन, निरोग जीवन जी सकता है। योग शिक्षक सुखबीर सिंह द्वारा सभी विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शीर्षासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति आदि आसन सिलसिलेवार कराए गए तथा उनका महत्व भी सांझा किया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सुरेश कुमार ने सभी का धन्यवाद प्रेषित करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 21 जून को सुबह 6 बजे से शुरू होगा जो आयुष विभाग भारत सरकार द्वारा मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग आत्मा से परमात्मा के मिलन का एक जरिया है जिसके माध्यम से आत्मा पवित्र व स्वच्छ बनती है तथा स्वास्थ्य ठीक रहता है और मनुष्य का अच्छे कर्मों के प्रति ध्यान आकर्षित होता है। इस मौके पर महाविद्यालय से एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सिद्धांत, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डा. जवाहर लाल, यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर डा. अजय कुमार अरोड़ा, डा. देवराज शर्मा, डा. चूहड़ सिंह, ईशान, शशिकांत, मनोज, मांगा, सुरेश, रवि, ललित कुमार सहित 100 से ज्यादा विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर - 21-6-22

# योग करने से व्यक्ति रहता है निरोग : डॉ. अशोक



शाहाबाद। मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनसीसी व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस की रिहर्सल की गई। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि योग हमारी दैनिक जिंदगी का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि योग ही वह साधना है जिसके माध्यम से व्यक्ति संपूर्ण रोगों से मुक्ति पाकर स्वस्थ जीवन, निरोग जीवन जी सकता है। योग शिक्षक सुखबीर सिंह द्वारा सभी विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शीर्षासन,अनुलोम विलोम, कपालभाति आदि आसन सिलसिलेवार करवाए गए तथा उनका महत्व भी साझा किया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सुरेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 21 जून को सुबह 6 बजे से शुरू होगा। इसमें सभी एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों को जलपान की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि योग आत्मा से परमात्मा के मिलन का एक जरिया है जिसकी माध्यम से आत्मा पवित्र व स्वच्छ बनती है तथा स्वास्थ्य ठीक रहता है और मनुष्य का अच्छे कर्मों के प्रति ध्यान आकर्षित होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय से एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर सिद्धांत, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ जवाहर लाल, यूथ रेड क्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ अजय कुमार अरोड़ा, डॉ. देवराज शर्मा, डॉ. चूहड़ सिंह, ईशान, शशिकांत, मनोज, मांगा, सुरेश, रवि, ललित कुमार सहित 100 से ज्यादा विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

**पंजाब केसरी**

शनिवार SATURDAY 25 जून 2022

# योग एवं खेल विषय पर संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सैमीनार आयोजित




शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज में आयोजित सैमीनार में मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए। (आज़ाद)

शाहाबाद मारकंडा, 24 जून (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं खेल संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सैमीनार का आयोजन किया गया। सैमीनार का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्य कुंजी वक्ता, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन आफ एजुकेशन डा. अरविंद मलिक, मुख्य अतिथि तथा प्रसिद्ध खिलाड़ी सुरेश शर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यशपाल वधवा, प्रबंधन समिति के प्रेमनाथ गंभीर, विजय मलिक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच का संचालन कर रही डाक्टर प्राची अरोड़ा ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को कार्यक्रम की जानकारी दी।

सैमीनार संयोजक डा. भूपेंद्र तंवर ने सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला व कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा रखी। प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने कॉलेज द्वारा इस सत्र में किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी व खेल विभाग द्वारा सैमीनार के औचित्य पर प्रकाश डाला। मुख्य कुंजी वक्ता डा. अरविंद मलिक ने अपने वक्तव्य को रिसर्च एवं तथ्यों के माध्यम से पेश करते हुए योग एवं खेलों के विद्यार्थी जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसा विषय है जो किसी भी विद्यार्थी के चेहरे पर मुस्कान लाता है।

मुख्यातिथि सुरेश शर्मा ने अपने कालेज समय के दौरान बिताए गए दिनों को याद करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से ही उनको रोजगार प्राप्त हुआ व खेलों ने ही उन्हें जीवन जीने का सलीका सिखाया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष यशपाल वधवा ने कहा कि जीवन में तरक्की करने के लिए तंदुरुस्त रहना बहुत जरूरी है। लगभग 70 डेलिगेट्स ऑफलाइन माध्यम से सैमीनार में जुड़े व उन्होंने विभिन्न तकनीकी सत्रों के अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए।

सैमीनार में कालेज के प्रो. मंजू गुप्ता, प्रो. सुरेंद्र काजल, डा. संजय कुमार, डा. चुहड़ सिंह, डा. जवाहर लाल, डा. शालिनी शर्मा, डा. संदीप, प्रो. सुरेश कुमार, सिद्धांत, डा. दिव्य उपस्थित रहे।

**पंजाब केसरी**

रविवार SUNDAY 26 जून 2022

# नशे की लत एक भयंकर बीमारी : अशोक चौधरी




शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज के विद्यार्थी नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालते हुए। (आज़ाद)

शाहाबाद मारकंडा, 25 जून (पूर्ण) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में एन.सी.सी. व एन.एस.एस. यूनिट द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान व रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोकचौधरी ने सभी एन.सी.सी. कैडेट्स व राष्ट्रीय स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा पिछले 20 दिनों में पूरे समाज को नशा मुक्त बनाने के अभियान को लेकर विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य यही है कि देश के युवाओं को नशे की लत से बचाकर रखना व उसके दुष्परिणामों से जन जागरण को अवगत करवाना है।

मंच का संचालन करते हुए लैफ्टिनैंट सुरेश कुमार, एन.सी.सी. अधिकारी ने कहा कि नशा एक ऐसी भयंकर बीमारी है, जिसकी एक बार लत लग जाए तो शरीर के साथ-साथ समाज व देश में भी अपने वर्चस्व को इंसान खो देता है। इसकी लत वाला व्यक्ति नए ढंग से नहीं जी पाता है और साथ ही धन की भी हानि करता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. सुरेंद्र सिंह काजल, डॉ. संजय कुमार शर्मा, डॉ. अजय कुमार अरोड़ा, प्रो. कपिल देव भी रैली में सभी स्वयंसेवकों व एन.सी.सी. कैडेट के साथ नशे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जन जागरण को संदेश देते रहे।

22

री : अशोक चौधरी



ारूकता रैली निकालते हुए। (आजाद)

करवाना है।
संचालन करते हुए लैफ्टिनैंट
, एन.सी.सी. अधिकारी ने कहा
ऐसी भयंकर बीमारी है, जिसकी
त लग जाए तो शरीर के साथ-
व देश में भी अपने वर्चस्व को
ता है। इसकी लत वाला व्यक्ति
नहीं जी पाता है और साथ ही
हानि करता है।
सर पर महाविद्यालय के प्रो.
ाजल, डॉ. संजय कुमार शर्मा,
कुमार अरोड़ा, प्रो.कपिल देव
भी स्वयंसेवकों व एन.सी.सी.
थ नशे के खिलाफ नारेबाजी
न जागरण को संदेश देते रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली



रैली निकाल कर लोगों को नशे के प्रति जागरूक करते विद्यार्थी।

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (जसबीर दुग्गल) : मारकंडा नैशनल कालेज शाहाबाद में एनसीसी व एनएसएस यूनिट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार चौधरी ने एनसीसी कैडेट्स व राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा पिछले 20 दिनों में पूरे समाज को नशा मुक्त बनाने के अभियान को लेकर विभिन्न संगठनों के साथ मिल कर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। मंच का संचालन करते हुए लेफ्टिनैंट सुरेश कुमार एनसीसी अधिकारी ने कहा कि नशा एक ऐसी भयंकर बीमारी है, जिसकी एक बार लत लग जाए, तो शरीर के साथ-साथ समाज व देश में भी अपने वर्चस्व को इंसान खो देता है। इस दौरान महाविद्यालय के प्रोफैसर सुरेंद्र सिंह काजल, डॉ संजय कुमार शर्मा, डॉ अजय कुमार अरोड़ा, प्रोफैसर कपिल देव भी रैली में सभी स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेट के साथ नशे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जन जागरण को संदेश देते रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 25 एनसीसी कैडेट तथा लगभग 100 राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय से लेकर हुडा चौक, चुंगी बाजार, कमेटी बाजार, देवी मंदिर बाजार, मेन बाजार आदि से होते हुए विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के समापन

दैनिक जागरण पानीपत, 2 जुलाई, 2022

# मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें विद्यार्थी



शाहाबाद के मारकंडा नेशनल कालेज में विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते प्राचार्य डा. अशोक चौधरी। ● जागरण

शाहाबाद : मारकंडा नेशनल कालेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने ये बात शुक्रवार को कालेज में दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कालेज की ओर से समय-समय पर तरह के शिविर आयोजित किए जाते हैं। भारतीय विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार कथुरिया ने कहा कि युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारों की जानकारी भी होनी चाहिए। इस मौके पर डा. जवाहर लाल ने 2021-22 में कंप्यूटर विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का उल्लेख किया। डा. शालिनी शर्मा ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के गुर बताए। इस अवसर पर प्रो. मंजू गुप्ता, डा. प्राची, प्रो. सुरेश, डा. दिव्या, मनप्रीत, चाहत व प्रो. हरीश मौजूद रहे। (संस)

सोनिया द्वारा तुलसी का पौधा देखकर किया गया।

कार्यक्रम में प्रथम दिन डा. जवाहर लाल ने 2021-22 में कंप्यूटर विभाग द्वारा की गई प्रतियोगिताओं व ... को सर्टिफिकेट दिया।

इस मौके पर महाविद्यालय से प्रो. मंजू गुप्ता, डा. प्राची, प्रो. सुरेश, डा. दिव्या, मनप्रीत, चाहत, प्रो. सुखबीर, प्रो. कपिल और प्रो. हरीश मौजूद रहे।

है, विद्यार्थी उनकी समय-समय पर देखभाल करते रहें। उन्हें पानी भी देते रहें क्योंकि वृक्ष ही जीवन के लिए व पृथ्वी बचाने के लिए सर्वोत्तम साधन है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सुरेश कुमार, डॉ देवराज शर्मा, डॉ अजय कुमार अरोडा ने भी इस महोत्सव में विद्यार्थियों के साथ मिल कर नीम, बरगद, बोतल पाम, अशोका, पीपल आदि के पौधे रोपित किए। डॉक्टर भूपेंद्र तंवर, डॉ तरुण कंसल, प्रोफेसर भाविनी तेजपाल, डॉ दिव्या, प्रोफेसर हरीश, प्रोफेसर सुखबीर सिंह, प्रोफेसर मीनाक्षी, प्रोफेसर चाहत, प्रोफेसर मनप्रीत कौर, प्रोफेसर सोनिया ने भी विद्यार्थियों के साथ मिल कर इस महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने भी सभी विद्यार्थियों को आह्वान किया कि यदि पृथ्वी को बचाना है, तो एक वृक्ष लगाने का संकल्प हमें प्रतिवर्ष लेना होगा, जिससे हमारा वातावरण साफ सुथरा व जीवनदायिनी बने। इस अवसर पर महाविद्यालय से अन्य शिक्षक, गैर शिक्षक, माली मनोज कुमार सहित 50 विद्यार्थी शामिल रहे।

# फलदार व छायादार पौधे अवश्य रोपित करें विद्यार्थी : प्राचार्य

**(गुरमीत दुग्गल)**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।**


फोटो • चैक पोस्ट

मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद में अर्थशास्त्र, वाणिज्य विभाग, मार्केटिंग, रसायन विज्ञान विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, अंग्रेजी विभाग, पुस्तकालय विभाग, गणित विभाग आदि ने मिल कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने की। उन्होंने बताया कि आज से पूरा भारत वर्ष वन महोत्सव के पावन उत्सव को मना रहा है। यदि वृक्ष ही नहीं होंगे, तो मनुष्य व सभी अन्य प्राणियों का पृथ्वी पर जीवन असंभव हो जाएगा। अतः सभी विद्यार्थियों को चाहिए कि वन महोत्सव के अंतर्गत खाली पड़ी हुई जगहों पर या अपने आंगन में एक फलदार व छायादार वृक्ष का पौधा अवश्य रोपित करें, जिससे हमें शुद्ध आक्सीजन प्राप्त हो सके। कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर प्राची अरोड़ा तथा प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह काजल, सह संयोजक ने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि महाविद्यालय में जो पौधारोपण किया गया है, विद्यार्थी उनकी समय-समय पर देखभाल करते रहें। उन्हें पानी भी देते रहे क्योंकि वृक्ष ही जीवन के लिए व पृथ्वी बचाने के लिए सर्वोत्तम साधन है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सुरेश कुमार, डॉ देवराज शर्मा, डॉ अजय कुमार अरोड़ा ने भी इस महोत्सव में विद्यार्थियों के साथ मिल कर नीम, बरगद, बोतल पाम, अशोका, पीपल आदि के पौधे रोपित किए। डॉक्टर भूपेंद्र तंवर, डॉ तरुण कंसल, प्रोफेसर भाविनी तेजपाल, डॉ दिव्या, प्रोफेसर हरीश, प्रोफेसर सुखबीर सिंह, प्रोफेसर मीनाक्षी, प्रोफेसर चाहत, प्रोफेसर मनप्रीत कौर, प्रोफेसर सोनिया ने भी विद्यार्थियों के साथ मिल कर इस महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने भी सभी विद्यार्थियों को आह्वान किया कि यदि पृथ्वी को बचाना है, तो एक वृक्ष लगाने का संकल्प हमें प्रतिवर्ष लेना होगा, जिससे हमारा वातावरण साफ सुथरा व जीवनदायिनी बने। इस अवसर पर महाविद्यालय से अन्य शिक्षक, गैर शिक्षक, माली मनोज कुमार सहित 50 विद्यार्थी शामिल रहे।

चैक पोस्ट

अधिकारी लेफ्टिनेंट सुरेश ... ने भी इस महोत्सव में वि... अशोका, पीपल आदि ... कंसल, प्रोफेसर भावि... सुखबीर सिंह, प्रोफेसर ... प्रोफेसर सोनिया ने भी ... लिया। उन्होंने भी सभी ... बचाना है। लेना होगा, ... बने। इस अवसर पर मह... कुमार सहित 50 विद्यार्थ...

# फलदार व छायादार पौधे अवश्य रोपित करें विद्यार्थी : प्राचार्य



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद में अर्थशास्त्र, वाणिज्य विभाग, मार्केटिंग, रसायन विज्ञान विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, अंग्रेजी विभाग, पुस्तकालय विभाग, गणित विभाग आदि ने मिल कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ.अशोक कुमार ने की। उन्होंने बताया कि आज से पूरा भारत वर्ष वन महोत्सव के पावन उत्सव को मना रहा है। यदि वृक्ष ही नहीं होंगे, तो मनुष्य व सभी अन्य प्राणियों का पृथ्वी पर जीवन असंभव हो जाएगा। अत: सभी विद्यार्थियों को चाहिए कि वन महोत्सव के अंतर्गत खाली पड़ी हुई जगहों पर या अपने आंगन में एक फलदार व छायादार वृक्ष का पौधा अवश्य रोपित करें, जिससे हमें शुद्ध आक्सीजन प्राप्त हो सके। कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर प्राची अरोड़ा तथा प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह काजल, सह संयोजक ने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि महाविद्यालय में जो पौधारोपण किया गया है, विद्यार्थी उनकी समय-समय पर देखभाल करते रहें। उन्हें पानी भी देते रहे क्योंकि वृक्ष ही जीवन के लिए व पृथ्वी बचाने के लिए सर्वोत्तम साधन है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सुरेश कुमार, डॉ. देवराज शर्मा, डॉ. अजय कुमार अरोड़ा ने भी इस महोत्सव में विद्यार्थियों के साथ मिल कर नीम, बरगद, बोतल पाम, अशोका, पीपल आदि के पौधे रोपित किए। डॉक्टर भूपेंद्र तंवर, डॉ. तरुण कंसल, प्रोफेसर भाविनी तेजपाल, डॉ. दिव्या, प्रोफेसर हरीश, प्रोफेसर सुखबीर सिंह, प्रोफेसर मीनाक्षी, प्रोफेसर चाहत, प्रोफेसर मनप्रीत कौर, प्रोफेसर सोनिया ने भी विद्यार्थियों के साथ मिल कर इस महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने भी सभी विद्यार्थियों को आह्वान किया कि यदि पृथ्वी को बचाना है। लेना होगा, जिससे हमारा वातावरण साफ सुथरा व जीवनदायिनी बने। इस अवसर पर महाविद्यालय से अन्य शिक्षक, गैर शिक्षक, माली मनोज कुमार सहित 50 विद्यार्थी शामिल रहे।

अजीत समाचार
16 जुलाई, 2022

# विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हरबीर सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते प्राचार्य अशोक कुमार व अन्य।

शाहाबाद मारकंडा, 15 जुलाई (विजय कुमार) : शुक्रवार को एमएन कॉलेज में कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ एवं पूर्व छात्र संघ द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस महाविद्यालय के पुस्तकालय में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र हरबीर सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं प्रगतिशील किसान मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। प्राचार्य डा. अशोक कुमार एवं कार्यक्रम संयोजक डा. अजय कुमार अरोड़ा तथा सह-संयोजिका डा. भाविनी तेजपाल,डा. दिव्या एवं ललित कुमार ने स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डा. अशोक कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उनका कृषि जगत में योगदान, उपलब्धियां और उनके व्यक्तित्व से विद्यार्थियों को अवगत करवाते हुए कहा कि ज्ञान के साथ-साथ कौशल का होना भी अति आवश्यक है। जिसके आधार पर जीवन की किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। हरबीर सिंह ने अपने व्याख्यान में अपने जीवन के संघर्ष और अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। उन्होंने देश-विदेश में अपनी कृषि तकनीकों और अनुसंधान के माध्यम से अपने कौशल और प्रतिभा का मंचन किया एवं बताया की विदेशी दूतावास जैसे कि अमेरिका, इस्राइल, इटली, ब्रिटेन आदि उनकी विश्व प्रसिद्ध पौधशाला का भ्रमण कर चुके हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन डा.अजय कुमार अरोड़ा ने किया तथा धन्यवाद प्रस्ताव डा. भाविनी तेजपाल ने किया। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ-साथ समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग भी मौजूद रहे।

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में मनाया विश्व युवा कौशल दिवस

शाहाबाद मारकंडा, 15 जुलाई (कीर्ति) : मारकंडा नैशनल कालेज शाहाबाद में करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ एवं पूर्व छात्र संघ द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस महाविद्यालय के पुस्तकालय में मनाया गया। महाविद्यालय के ही पूर्व छात्र हरबीर सिंह, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं प्रगतिशील किसान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए।



शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देते प्राचार्य एवं स्टाफ। (पूर्ण)

प्राचार्या डा. अशोक कुमार एवं कार्यक्रम संयोजक डा. अजय कुमार अरोड़ा तथा सह-संयोजिका डा. भाविनी तेजपाल, डा. दिव्या एवं ललित कुमार ने स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंटकर मुख्यातिथि का स्वागत किया।

डा. अशोक कुमार ने मुख्यातिथि की कृषि जगत में योगदान, उपलब्धियां और उनके व्यक्तित्व से विद्यार्थियों को अवगत करवाते हुए कहा कि ज्ञान के साथ-साथ कौशल का होना भी अति आवश्यक है। जिसके आधार पर किसी भी जीवन की चुनौती का सामना किया जा सकता है।

हरबीर सिंह ने अपने व्याख्यान में अपने जीवन के संघर्ष और अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। उन्होंने देश-विदेश में अपनी कृषि तकनीकों और अनुसंधान के माध्यम से अपने कौशल और प्रतिभा का मंचन किया। मंच संचालन डा. अजय कुमार अरोड़ा ने किया तथा धन्यवाद प्रस्ताव डा. भाविनी तेजपाल ने किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 16 July 2022
Edition: kurukshetra kesari, Page no. 4

अजीत समाचार 20 जुलाई, 2022

# औषधीय गुणों वाले पौधों से रोग का इलाज संभव : डा. अशोक कुमार




**कॉलेज के हर्बल पार्क में पौधे रोपित करते हुए एनसीसी कैडेट्स व प्राचार्य।**

शाहाबाद मारकंडा, 19 जुलाई (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनसीसी यूनिट व यूथ रेड क्रास द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर हर्बल पार्क में शतावरी, ब्राह्मी, ग्वारपाठा, पत्थरचट्टा, कल्पवृक्ष, वन तुलसी, दमबेल, सोन पाठा, अकरकरा, चित्रक, तुकमलंगा, सुदर्शन, ईसबगोल, नींबू घास, निर्गुंडी आदि के पौधे एनसीसी कैडेट्स द्वारा रोपित किए गए। यह सभी औषधीय पौधे आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरियाणा द्वारा महाविद्यालय को संप्रेषित किए गए क्योंकि उनका विजन है कि हमें हर एक शिक्षण संस्थानों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में औषधीय पौधों को रोपित करना है ताकि जिनके माध्यम से आम व्यक्ति अपने गंभीर से गंभीर बीमारियों के रोगों का सुगमता से निवारण कर सके। इस अवसर पर प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने सभी कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के युग में लगातार वृक्षों की गिरती हुई संख्या को देखते हुए हमें पौधारोपण पर ध्यान देना होगा क्योंकि पौधे हमारे लिए जीवन दायिनी है। यह हमारे लिए स्वच्छ ऑक्सीजन, औषधीय गुणों वाले भंडार व अन्य उपयोगी पदार्थ प्रदान करते हैं।

पानीप

वन महोत




शाहाबाद | मा
यूनिट, यूथ रे
संयुक्त तत्वाव
औषधीय पौधे
कुरुक्षेत्र द्वारा
प्राचार्य डॉ. अ
मारकंडा नेशन
है। स्कूल प्रा
ऑक्सीजन, अ
हैं। एनसीसी
समय-समय
को भी निभाएं
बंसल, मनीष

दैनिक भास्कर पानीपत, मंगलवार, 23 अगस्त, 2022

2 June 2022

# साइबर क्राइम में लिप्त होने व इसके पीड़न से बचना चाहिए : देवेंद्र कुमार

कुरु क्षेत्र/शाहबाद, 1 जून (जसबीर दुग्गल) : मारकंडा नैशनल कालेज शाहाबाद में साइबर क्राइम जागरूकता पर व्याख्यान करवाया गया। कार्यक्रम मे देवेंद्र कुमार थाना प्रभारी शाहाबाद ने कॉलेज के विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए साइबर क्राइम जागरूकता की उपयोगिता के बारे में बताया। देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पढाई के दौरान किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम में लिप्त होने व इसके पीडन से बचना चाहिए। इंटरनेट से जुडी किसी भी प्रकार की जानकारी किसी के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार ने स्नातक स्तर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की जानकारी भी विद्यार्थियों के साथ सांझा की। इस अवसर पर धर्मपाल पुलिस चौकी इंचार्ज शाहबाद भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन आइक्यूएसी के तत्वावधान में सडक सुरक्षा क्लब, महिला प्रकोष्ठ, रेड रिबन क्लब व तंबाकू रोकथाम प्रकोष्ठ, मारकंडा नैशनल कालेज के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षण व गैर-शिक्षण वर्ग सहित 100 विद्यार्थी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार व अन्य।

2 June 2022

# साइबर क्राइम में लिप्त होने व इसके पीड़न से बचें: थाना प्रभारी

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद में साइबर क्राइम जागरुकता पर व्याख्यान करवाया गया। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार थाना प्रभारी शाहाबाद ने कॉलेज के विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए साइबर क्राइम जागरूकता की उपयोगिता के बारे में बताया।

देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम में लिप्त होने व इसके पीड़न से बचना चाहिए। इंटरनेट से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी किसी के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए। अगर किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित होती है, तो हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करना चाहिए। इसी के साथ ही उन्होंने नशे से बचने व यातायात के नियमों का पालन करने पर भी जोर दिया।

जवाहर लाल ने भी गीत सुनाया, प्राप्त किया।

अजीत समाचार 7 जून, 2022

# कैरि ओकि प्रतियोगिता में खुशबू प्रथम



शाहाबाद : प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रोत्साहित करते मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य। (छाया : विजय कुमार)

शाहाबाद मारकंडा, 6 जून (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद के राजनीति विज्ञान एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में आशु भाषण एवं कैरि ओकि गीतों की प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार, मुख्य अतिथि महाविद्यालय पुरातन छात्र रविन्द्र चड्ढा तथा कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शालिनी शर्मा ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार ने मुख्यातिथि का अभिनंदन कर विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया। मुख्यातिथि ने प्रसंगों के माध्यम से अपने पुराने दिनों को याद किया। मंच का संचालन मीनाक्षी एवं जसविंदर ने किया। डॉक्टर शालिनी शर्मा ने प्रतियोगिता के उद्देश्य और नियम बताए। सह-संयोजिका डॉक्टर दिव्या ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राचार्य, मुख्यातिथि, डॉक्टर शालिनी एवं डॉक्टर जवाहर लाल ने भी गीत सुनाया, ताकि विद्यार्थियों का हौसला बढ़े। प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि मुख्य अतिथि का कॉलेज का पूर्व छात्र होना गर्व की बात है। उन्होंने सन 1986 में अपने ग्रेजुएशन के सफर को मारकंडा कॉलेज में पूरा किया गया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की अनेक विधाओं में जोनल एवं स्टेट लेवल रिप्रेजेंट किया। इस दौरान दोनों विधाओं में कुल 37 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं के 2 श्रेणियों में पुरस्कार घोषित किए गए। आशुभाषण प्रतियोगिता में अमीषा ने प्रथम, नितिका ने द्वितीय, नीरू ने तृतीय तथा शुभम एवं प्राची ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कैरि ओकि प्रतियोगिता में खुशबू ने प्रथम, अंजू ने द्वितीय, पल्लवी ने तृतीय तथा प्रिंस एवं साहिल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. जवाहर लाल, डॉ.प्राची अरोड़ा, प्रो.भाविनी, प्रो.जसविंदर, प्रो.कपिल, प्रो.संगीता भी मौजूद रहे।